चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........

दिनांक 27-4-2019.... पृष्ठ सं. ....6..... कॉलम ....3-5..........


# रंगोली फेस्टिवल में लुवास की सिमरन प्रथम

## एचएयू में तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव संपन्न

अमर उजाला ब्यूरो



इंटर कॉलेज उत्सव के समापन समारोह में दीप प्रज्वलित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विभिन्न साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कुलपति ने कहा कि युवा उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को पराली प्रबंधन के विविध पक्षों और कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नवीनतम जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। युवा उत्सव के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं में इलॉक्यूशन, रंगोली व कार्टूनिंग आदि प्रमुख रहे। रंगोली व कार्टूनिंग के माध्यम से छात्रों को अपनी रचनात्मकता उजागर करने में सहायता मिली। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि इस उत्सव में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के करीब 400 छात्रों ने भाग लिया।

**ये रहे विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम**: रंगोली-फेस्टिवल में लुवास की सिमरन प्रथम व कृषि महाविद्यालय बावल की साक्षी द्वितीय रही। भाषण प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय बावल से शिव कुमार प्रथम तथा लुवास से दीक्षा द्वितीय रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में लुवास से गर्बित व मोहित प्रथम तथा एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज से हर्षवर्धन भट्ट तथा केशव गोयल द्वितीय रहे। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में लुवास से कर्ण सिंह प्रथम तथा एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज से अस्मित डे द्वितीय रहे। कविता पाठ प्रतियोगिता में लुवास से गर्बित व मोहित प्रथम तथा एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज से हर्षवर्धन भट्ट और केशव गोयल द्वितीय रहे। कोलाज मेकिंग- मेक इन इंडिया में लुवास की रेणु चौधरी प्रथम व गरिमा द्वितीय रही। पोस्टर मेकिंग एंटीप्रेन्योरशिप प्रतियोगिता में लुवास का संगीत व कृषि महाविद्यालय की ज्योति रानी द्वितीय रही। क्ले मॉडलिंग-मदरहुड प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय का रूपित गोयल प्रथम व लुवास की सिमरन द्वितीय रही। ऑन द स्पॉट पेंटिंग- फार्मर्स एंड टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता में लुवास की रेणु चौधरी प्रथम व शिवानी रोहिला द्वितीय रहे। ऑन द स्पॉट कार्टूनिंग-पॉलिटिक्स में कृषि महाविद्यालय की ज्योति रानी प्रथम व एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज का राजविंद्र द्वितीय रहा। फोटोग्राफी ऑन द स्पॉट में कृषि महाविद्यालय के सुमित जांगड़ा प्रथम व सुमय मलिक द्वितीय रहे। ग्रुप डिस्कशन में एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज का हर्षवर्धन व कृषि महाविद्यालय की दीप्ती सहरावत प्रथम व कृषि महाविद्यालय की भावना, प्रियंका व हर्षिता द्वितीय रहे। प्रस्ताव लेखन में एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज का हर्षवर्धन व फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गीता प्रथम व कृषि महाविद्यालय के सिंधु व हर्षिता द्वितीय रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक ट्रिब्यून........

दिनांक 27.4.2019 पृष्ठ सं. ....4...... कॉलम 2-4........

**हकृवि में युवा उत्सव संपन्न**

# पराली प्रबंधन, कृषि क्षेत्र में उद्यमिता पर जोर

हिसार, 26 अप्रैल (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 3 दिवसीय स्वर्ण जयंती अंतर महाविद्यालय युवा-उत्सव संपन्न हुआ। युवा उत्सव में आयोजित विभिन्न साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उत्सव के माध्यम से युवाओं को पराली प्रबंधन के विविध पक्षों और कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नवीनतम जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। युवा उत्सव के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं में इलॉक्यूशन, रंगोली व कार्टूनिंग आदि प्रमुख रहे।

इलॉक्यूशन प्रतियोगिता में युवाओं ने पराली प्रबंधन के विविध पक्षों और कृषि क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला। रंगोली व कार्टूनिंग के माध्यम से छात्रों को अपनी रचनात्मकता उजागर करने में सहायता मिली।



हिसार स्थित हकृवि में शुक्रवार को युवा उत्सव के समापन समारोह में दीप प्रज्वलित करते कुलपति केपी सिंह। -निस

छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि उत्सव में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के करीब 400 छात्रों ने भाग लिया। उत्सव में भाषण, वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, कविता पाठ, कोलाज मेकिंग-मेक इन इंडिया, पोस्टर मेकिंग -एग्रीपेन्योरशिप, क्ले मॉडलिंग- मदरहुड सहित कइ्र प्रतियोगिताएं करवायी गयीं।

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....
दिनांक 27.4.2019 पृष्ठ सं. ...19... कॉलम ...1-6...

# कार्टून मेकिंग में ज्योति तो रंगोली में सिमरन प्रथम

## एचएयू में तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव का समापन, युवाओं को कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की दी जानकारी

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती अंतर महाविद्यालय युवा-उत्सव 2019 शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने युवा उत्सव में आयोजित विभिन्न साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया व बधाई दी।

शुक्रवार को आयोजित ऑन द स्पॉट कार्टूनिंग में कृषि महाविद्यालय की ज्योति रानी प्रथम व एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कालेज के राजविंद्र ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं रंगोली में लुवास की सिमरन प्रथम व कृषि महाविद्यालय बावल की साक्षी द्वितीय स्थान पर रहे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने इस दौरान कहा कि युवा उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को पराली प्रबंधन के विविध पक्षों और कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नवीनतम जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। युवा उत्सव के अंतिम दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में इलॉक्यूशन, रंगोली व कार्टूनिंग आदि प्रमुख रहे।

इलॉक्यूशन प्रतियोगिता में युवाओं ने पराली प्रबंधन के विविध पक्षों और कृषि क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला। रंगोली व कार्टूनिंग के माध्यम से छात्रों को अपनी रचनात्मकता उजागर करने में सहायता मिली। डा. डीएस दहिया ने बताया कि इस उत्सव में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के करीब 400 छात्रों ने भाग लिया।



हकृवि में युवा महोत्सव के दौरान छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते देवेन्द्र सिंह दहिया व अन्य छात्राएं।

### ये रहे परिणाम

**भाषण प्रतियोगिता**

प्रथम – शिव कुमार, कृषि महाविद्यालय बावल।

द्वितीय – दीक्षा, लुवास।

**वाद-विवाद प्रतियोगिता**

प्रथम – गर्वित और मोहित, लुवास।

द्वितीय – हर्षवर्धन भट्ट और केशव गोयल, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कालेज।

**तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता**

प्रथम – कर्ण सिंह, लुवास

द्वितीय – अस्मि डे, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कालेज।

**कविता पाठ प्रतियोगिता**

प्रथम – गर्वित व मोहित, लुवास।

द्वितीय – हर्षवर्धन भट्ट और केशव गोयल, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कालेज।

### कोलाज मेकिंग में रेणु रही अव्वल

**कोलाज मेकिंग** – मेक इन इंडिया में लुवास की रेणु चौधरी प्रथम व गरिमा द्वितीय।

**पोस्टर मेकिंग** – एग्रीप्रन्योरशिप प्रतियोगिता में लुवास का संगीत व कृषि महाविद्यालय की ज्योति रानी द्वितीय।

**क्ले मॉडलिंग** – मदरहुड प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय का रूपित गोयल प्रथम व लुवास की सिमरन द्वितीय।

**ऑन द स्पॉट पेंटिंग** – फार्मर्स एंड टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता में लुवास की रेणु चौधरी प्रथम व शिवानी रोहिला द्वितीय।

**फोटोग्राफी ऑन द स्पॉट** – कृषि महाविद्यालय के सुमित जांगड़ा प्रथम और सुमय मलिक द्वितीय।

**ग्रुप डिस्कशन** – एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कालेज का हर्षवर्धन व कृषि महाविद्यालय की दिप्ति सहरावत प्रथम व कृषि महाविद्यालय की भावना, प्रियंका व हर्षिता द्वितीय।

**प्रस्ताव लेखन** – एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कालेज का हर्षवर्धन व फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गीता प्रथम व कृषि महाविद्यालय के सिधु व हर्षिता द्वितीय।

### रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने भरे कौशल के रंग



हकृवि में युवा महोत्सव के दौरान छात्राएं रंगोली बनाती हुई।



हकृवि में युवा महोत्सव के समापन अवसर पर दीप प्रज्वलित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।



छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग की प्रदर्शनी के साथ सेल्फी लेती छात्राएं।

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम हरि भूमि

दिनांक 27.4.2019 पृष्ठ सं. 12 कॉलम 2-8




हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखते अतिथि, पेंटिंग करती तथा प्रदर्शनी को निहारती छात्रा। फोटो: हरिभूमि

### हकृवि में तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन

# साहित्यिक व ललित कला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- हकृवि व लुवास के करीब 400 विद्यार्थी हुए शामिल
- कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती अंतर महाविद्यालय युवा-उत्सव 2019 शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने युवा उत्सव में आयोजित विभिन्न साहित्यिक एवं ललित कला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया व बधाई दी। युवा उत्सव के अंतिम दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में इलॉक्यूशन, रंगोली व कार्टूनिंग आदि प्रमुख रहे। इलॉक्यूशन प्रतियोगिता में युवाओं ने पराली प्रबंधन के विविध पक्षों और कृषि क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला। रंगोली व कार्टूनिंग के माध्यम से छात्रों को अपनी रचनात्मकता उजागर करने में सहायता मिली।

कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने इस अवसर पर बोलते हुये कहा कि युवा उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को पराली प्रबंधन के विविध पक्षों और कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नवीनतम जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि इस उत्सव में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के करीब 400 छात्रों ने भाग लिया।

## ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

### कविता पाठ में गर्बित व मोहित अव्वल

कविता पाठ प्रतियोगिता में लुवास से गर्बित व मोहित प्रथम तथा एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी कॉलेज से हर्षवर्धन भट्ट तथा केशव गोयल द्वितीय रहे। वहीं भाषण प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, बावल से शिव कुमार प्रथम तथा लुवास से दिक्षा द्वितीय रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में लुवास से गर्बित व मोहित प्रथम तथा एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी कॉलेज से हर्षवर्धन भट्ट तथा केशव गोयल द्वितीय रहे। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में लुवास से कर्ण सिंह प्रथम तथा एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी कॉलेज से अस्मित डे द्वितीय रहे।

### कोजाल मेकिंग में लुवास की रेणु प्रथम

कोलाज मेकिंग में लुवास की रेणु चौधरी प्रथम व गरिमा द्वितीय रही। पोस्टर मेकिंग में एंग्रीप्रेन्योरशिप में लुवास का संगीत व कृषि महाविद्यालय की ज्योति रानी द्वितीय रही। क्ले मॉडलिंग की मदरहुड स्पर्धा में कृषि महाविद्यालय का रूपित प्रथम व लुवास की सिमरन द्वितीय रही।

### कृषि कालेज की ज्योति छाई

ऑन द स्पॉट पेंटिंग फार्मर्स एंड टेक्नोलॉजी प्रतियोगिता में लुवास की रेणु चौधरी प्रथम व शिवानी रोहिला द्वितीय रहे। ऑन द स्पॉट कार्टूनिंग पॉलिटिक्स में कृषि महाविद्यालय की ज्योति रानी प्रथम व एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी कॉलेज का राजविन्द्र द्वितीय रहा। फोटोग्राफी ऑन द स्पॉट में कृषि महाविद्यालय के सुमित जांगड़ा प्रथम व सुमय मलिक द्वितीय रहे। रंगोली फेस्टिवल में लुवास की सिमरन प्रथम व कृषि महाविद्यालय, बावल की साक्षी द्वितीय रही।

### हर्षवर्धन व दीप्ति ग्रुप डिस्कशन में प्रथम

ग्रुप डिस्कशन में एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज का हर्षवर्धन व कृषि महाविद्यालय की दीप्ति सहरावत प्रथम व कृषि महाविद्यालय की भावना, प्रियंका व हर्षिता द्वितीय रहे। प्रस्ताव लेखन में कृषि इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज का हर्षवर्धन व फुड साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी की गीता प्रथम व कृषि महाविद्यालय के सिंधु व हर्षिता द्वितीय रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...दैनिक भास्कर...
दिनांक 27-4-2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 4-6

# रंगोली से मैसेज : देश का है बड़ा फेस्ट...वोट जरूर डालें





## एचएयू में यूथ कॉन्क्लेव 2019 का समापन



सिटी रिपोर्टर • कलाकार अपनी अभिव्यक्ति के तरीकों से लोगों का ध्यान आकर्षित कर सामाजिक जागरूकता के मैसेज को पहुंचाने में ज्यादा मददगार साबित होता है। ऐसा ही हुआ एचएयू में चल रहे यूथ कॉन्क्लेव 2019 के आखिरी दिन। इसमें स्टूडेंट्स ने रंगोली प्रतियोगिता के दौरान वन नेशन वन फेस्ट में मतदान जरूरी का मैसेज दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नवीनतम जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि इलॉक्यूशन प्रतियोगिता में युवाओं ने पराली प्रबंधन के विविध पक्षों और कृषि क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता की नई संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

- **भाषण प्रतियोगिता** : शिव, कृषि महाविद्यालय।
- **वाद-विवाद प्रतियोगिता** : गर्बित व मोहित, लुवास।
- **भाषण प्रतियोगिता** : कर्ण, लुवास।
- **कविता पाठ प्रतियोगिता** : गर्बित व मोहित, लुवास।
- **कोलाज मेकिंग** : रेणु, लुवास।
- **पोस्टर मेकिंग** : संगीत, लुवास।
- **क्ले मॉडलिंग** : रूपित गोयल, कृषि महाविद्यालय।
- **पेंटिंग** : रेणु चौधरी, लुवास।
- **कार्टूनिंग** : ज्योति रानी, कृषि महाविद्यालय।
- **फोटोग्राफी ऑन द स्पॉट** : सुमित जांगड़ा, कृषि महाविद्यालय।
- **रंगोली** : सिमरन, लुवास
- **ग्रुप डिस्कशन** : हर्षवर्धन, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग कॉलेज।
- **प्रस्ताव लेखन** : हर्षवर्धन, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग कॉलेज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......
दिनांक 27.4.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम 6-8

# मनकियानी चोटी फतह कर लौटा 25 सदस्यीय दल

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्यीय दल हिमालय की मनकियानी चोटी पर फतह हासिल करके लौटा। छह दिन के इस अभियान के दौरान दल में शामिल 15 छात्र व 10 छात्राएं डॉ. चंद्रशेखर डागर के नेतृत्व में हिमालय की धौलाधार पर्वतमाला की बर्फीली वादियों में ट्रैकिंग के दौरान जंगलों और बर्फीले पहाड़ों से गुजरते हुए करेरी झील तक पहुंचे।

इस साल पहाड़ों में सामान्य से ज्यादा बर्फबारी हुई, जिसकी वजह से पर्वत शिखर पर चढ़ना अधिक जोखिम भरा था। दल के गाइड शशि कुमार ने बताया कि अधिक बर्फबारी की वजह से इस साल कोई भी अन्य दल अभी तक इस चोटी पर चढ़ने का साहस नहीं कर पाया है और एक दिन पहले एक विदेशी पर्वतारोही दल ने हिम्मत जुटाकर चोटी फतेह करने की कोशिश की परंतु वह असफल रहा। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब ने इसे चुनौती मानकर चोटी फतेह करने का निर्णय लिया और करेरी झील को बेस कैंप बनाकर दल के 4 सदस्यों ने चढ़ाई शुरू की, जिसमें छात्र सचिन, रवि सांगवान, सारिक मलिक और विकास शामिल थे। अनवरत प्रयासों के बाद दल ने चोटी पर विजय हासिल की। क्लब की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



एचएयू में कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ पर्वतारोहण दल के सदस्य। - अमर उजाला

**एचएयू के पर्वतारोहण क्लब के 15 छात्र, 10 छात्राएं शामिल थे दल में**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ हरि. भूमि ........
दिनांक 27.4.2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 4-8

मनकियानी चोटी पर फतह कर लौटा हकृवि पर्वतारोही दल

# ज्यादा बर्फबारी से जोखिम भरा रहा सफर

- गाइड शशि ने बताया, अधिक बर्फबारी से इस साल कोई अन्य दल नहीं चढ़ पाया इस चोटी पर
- हकृवि पर्वतारोहण क्लब ने चुनौती मानकर प्राप्त की विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्यीय दल हिमालय की मनकियानी चोटी पर फतह हासिल करके लौटा।

छह दिन के इस अभियान के दौरान दल के 15 छात्र व 10 छात्राओं ने डॉ. चंद्रशेखर डागर के नेतृत्व में हिमालय की धौलाधार पर्वतमाला की बर्फीली वादियों में ट्रैकिंग के दौरान जंगलों और बर्फीले पहाड़ों से गुजरते हुए करेरी झील तक पहुंचे।

इस साल पहाड़ों में सामान्य से ज्यादा बर्फबारी हुई जिसकी वजह से पर्वत शिखर पर चढ़ने अधिक जोखिम भरा था। दल के गाइड शशि कुमार ने बताया की अधिक बर्फबारी की वजह से इस साल कोई भी अन्य दल अभी तक इस चोटी पर चढ़ने का साहस नहीं कर पाया है तथा एक दिन पहले एक विदेशी पर्वतारोही दल ने हिम्मत जुटाकर चोटी फतह करने की कोशिश की परन्तु वह असफल रहा।



हिसार। मनकियानी चोटी पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का पर्वतारोही दल। फोटो: हरिभूमि

## विश्वविद्यालय कुलपति ने दी दल को बधाई

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब ने इसे चुनौती मानकर चोटी फतह करने का निर्णय लिया तथा करेरी झील को बेस कैंप बनाकर दल के 4 सदस्यों ने चढ़ाई शुरू की जिसमें छात्र सचिन, रवि सांगवान, सारिक मलिक और विकास शामिल थे। अनवरत प्रयासों के बाद दल ने चोटी पर विजय हासिल की। क्लब की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने दल को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......

दिनांक 27.4.2019 पृष्ठ सं. ...12... कॉलम ...7-8...

# एचएयू के पर्वतारोही दल ने फतेह की मनकियानी चोटी

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्यीय दल हिमालय की मनकियानी चोटी पर फतेह हासिल करके लौटा। छह दिन के इस अभियान के दौरान दल के 15 छात्र व 10 छात्राओं ने डा. चंद्रशेखर डागर के नेतृत्व में हिमालय की धौलाधार पर्वतमाला की बर्फीली वादियों में ट्रैकिंग के दौरान जंगलों और बर्फीले पहाड़ों से गुजरते हुए करेरी झील तक पहुंचे। इस साल पहाड़ों में सामान्य से ज्यादा बर्फबारी हुई, जिसकी वजह से पर्वत शिखर पर चढ़ना अधिक जोखिम भरा था।

**अधिक बर्फबारी की वजह से इस साल अन्य कोई भी दल ने नहीं की चढ़ाई** :दल के गाइड शशि कुमार ने बताया की अधिक बर्फबारी की वजह से इस साल कोई भी अन्य दल अभी तक इस चोटी पर चढ़ने का साहस नहीं कर पाया है और एक दिन पहले एक विदेशी पर्वतारोही दल ने हिम्मत जुटाकर चोटी फतेह करने की कोशिश की, परंतु वह असफल रहा।

**उपलब्धि**

- छह दिन में दल के 15 छात्र व 10 छात्राओं ने की चढ़ाई
- कुलपति प्रो. केपी सिंह ने दल के सभी सदस्यों को दी बधाई

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब ने इसे चुनौती मानकर चोटी फतेह करने का निर्णय लिया। करेरी झील को बेस कैंप बनाकर दल के 4 सदस्यों ने चढ़ाई शुरू की, जिसमें छात्र सचिन, रवि सांगवान, सारिक मलिक और विकास शामिल थे।

क्लब की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया ने दल के सभी सदस्यों को बधाई दी।



कृषि विश्वविद्यालय का पर्वतारोही दल मनकियानी चोटी पर।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक ट्रिब्यून......

दिनांक 27.4.2019 पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....5-6....

# मनकियानी चोटी फतह कर लौटा छात्र दल



हिमाचल की मनकियानी चोटी पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का पर्वतारोही दल। -निस

हिसार (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्यीय दल हिमाचल की मनकियानी चोटी पर फतह कर लौटा। छात्र दल ने 6 दिन के इस अभियान को पूरा किया, जिसका नेतृत्व डॉ. चंद्रशेखर डागर ने किया। दल में 15 छात्र व 10 छात्राओं शामिल थीं। डॉ. चंद्रशेखर डागर ने बताया कि विद्यार्थियों का दल हिमालय की धौलाधार पर्वतमाला की बर्फीली वादियों में ट्रैकिंग के दौरान जंगलों और बर्फीले पहाड़ों से गुजरते हुये करेरी झील तक पहुंचा। उन्होंने बताया कि इस साल पहाड़ों में सामान्य से ज्यादा बर्फबारी हुई, जिसकी वजह से पर्वत शिखर पर चढ़ना अधिक जोखिम भरा था। दल के गाईड शशि कुमार ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब ने इसे चुनौती मानकर चोटी फतह करने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने दल को बधाई दी।